**NEWS CLIPPING: 25.07.2020**

## THE TRIBUNE

## E-CONFERENCE TO BE ORGANISED

**Faridabad:** The JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, in association with the research cell of the Bhartiya Shikshan Mandal will organise a national e-conference on "Re-establishment of Bharatiyata in present era" on August 8 and 9, 2020. Vice-Chancellor Prof Dinesh Kumar said the objective of this conference was to evolve the strategies, policies, processes and programmes for recognising, revalidating and reinstating the social, cultural and spiritual ancient Bharatiya values, methodology and practices in the present system of different sectors of national development and to restore Bharatiyata in all walks of life. He said the multiple challenges and crisis had emerged as a result of the Covid pandemic. The university had decided to motivate and invite people from different disciplines and fields of development to assemble, participate, discuss and contribute through online conference in collaboration with the Bhartiya Shikshan Mandal (BSM). The last date of registration for the conference is July 31, 2020. The interested participants can submit the manuscripts of their articles for the conference on the email events@jcboseust.ac.in by July 27. The details of the conference have been made available on the university website.

The Tribune Sat, 25 July 2020 https://epaper.tribune

**NEWS CLIPPING: 25.07.2020**

**HINDUSTAN**

# वाईएमसीए में आठ अगस्त से ई-सम्मेलन

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) में भारतीय शिक्षण मंडल के अनुसंधान प्रकोष्ठ की ओर से 8 और 9 अगस्त को 'वर्तमान युग में भारतीयता की पुनस्थापना' विषय पर एक ई-सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

इसका उद्देश्य राष्ट्रीय विकास के विभिन्न क्षेत्रों की वर्तमान प्रणाली में सामाजिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक नीतियों, प्रक्रियाओं और कार्यक्रमों को विकसित करना और भारतीयता को पुनस्थापित करना है। यह जानकारी विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी जितेंद्र कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि सम्मेलन के उप-विषयों, जिनमें शिक्षा, धर्म, समाज, संस्कृति और आध्यात्मिकता, सरकार की नीतियां और कार्यक्रम, तकनीकी प्रगति और औद्योगिक विकास को शामिल किया गया है।

वहीं, विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों से अनुसंधान लेख आमंत्रित किए हैं। इस सम्मेलन के दौरान लेख ऑनलाइन प्रस्तुत किए जाएंगे। सम्मेलन के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। इच्छुक प्रतिभागी 27 जुलाई तक ई-मेल events@jcboseust.ac.in पर अपने लेख भेज सकते हैं।

**NEWS CLIPPING: 25.07.2020**

**THE PIONEER**

# जेसी बोस विश्वविद्यालय में 'वर्तमान युग में भारतीयता की पुनर्स्थापना' पर राष्ट्रीय ई-सम्मेलन

## भारतीय शिक्षण मंडल के सहयोग से दो दिवसीय ई-सम्मेलन 8 और 9 अगस्त को होगा

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा भारतीय शिक्षण मंडल के अनुसंधान प्रकोष्ठ के सहयोग से 8 और 9 अगस्त, 2020 को 'वर्तमान युग में भारतीयता की पुनर्स्थापना' विषय पर एक राष्ट्रीय ई-सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने कहा कि इस सम्मेलन का उद्देश्य राष्ट्रीय विकास के विभिन्न क्षेत्रों की वर्तमान प्रणाली में सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक प्राचीन भारतीय मूल्यों, कार्यप्रणाली और प्रथाओं को पहचानने और पुनस्थार्पित करने के लिए रणनीतियों, नीतियों, प्रक्रियाओं और कार्यक्रमों को विकसित करने तथा भारतीयता को पुनस्थार्पित करने पर केन्द्रित है। कुलपति ने कहा कि कोरोना महामारी के परिणामस्वरूप कई चुनौतियां और संकट उत्पन्न हुए हैं। शिक्षा क्षेत्र में डिजिटल परिवर्तन एक बड़ी चुनौती है, जिसका शैक्षिक संस्थानों को सामना करना पड़ रहा है। इन चुनौतियों को एक अवसर के रूप में उपयोग करने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय ने भारतीय शिक्षा मंडल (बीएसएम) जोकि शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय पुनरुत्थान के उद्देश्य से कार्य कर रहा है, के सहयोग से ऑनलाइन सम्मेलन के माध्यम से विभिन्न विषयों और विकास के क्षेत्रों में लोगों को प्रेरित करने, चर्चा करने, और योगदान देने के लिए आमंत्रित करने का निर्णय लिया है।

**NEWS CLIPPING: 25.07.2020**

## DAINIK JAGRAN

# जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए बनेगी नई नीति

जासं, फरीदाबाद: जेसी बोस (वाईएमसीए) ने आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद विद्यार्थियों की सहायता के लिए जल्द एक नीति लाने की घोषणा की है। विश्वविद्यालय ने कोरोना महामारी में विद्यार्थियों को वित्तीय कठिनाई से बचाने के लिए वर्तमान सेमेस्टर की फीस का भुगतान दो किश्तों में करने की अनुमति दी है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि अब विद्यार्थियों को 17 अगस्त तक पूरी फीस की बजाय केवल 50 फीसद सेमेस्टर फीस ही देनी होगी। हालांकि एक ही किश्त में पूरी सेमेस्टर फीस देने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए भी अलग से विकल्प होगा। संबंधित अधिकारियों को इसके लिए निर्देश है कि अधिकारिक नोटिस जारी की जाए। कुलपति ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इंटरनेट सुविधा के लिए सेमेस्टर फीस से 447 रुपये माफ करने की घोषणा की। बनने वाली नई नीति में 20 से 100 फीसद ट्यूशन फीस में राहत देने का प्रावधान होगा।

**NEWS CLIPPING: 25.07.2020**

**AMAR UJALA**

# अर्थव्यवस्था के समग्र विकास के लिए एकजुट प्रयास करने होंगे: डा. डीके असवाल

**फरीदाबाद|** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में कंपोजिट मैटीरियल पर शोध को लेकर एक सप्ताह का ऑनलाइन शार्ट टर्म कोर्स सोमवार से शुरू हुआ। तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम परियोजना के तहत प्रायोजित इस कोर्स का आयोजन मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग और भौतिकी विभाग ने संयुक्त रूप से किया है। इस कोर्स में देश के 9 राज्यों के 275 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इस दौरान वैज्ञानिक व औद्योगिक अनुसंधान परिषद् की राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला नई दिल्ली के निदेशक डा. डीके असवाल मुख्य अतिथि थे। जबकि अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। डॉ. असवालने अर्थव्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए देश के एमएसएमई क्षेत्र में स्थिरता लाने की आवश्यकता पर बल दिया।

**NEWS CLIPPING: 25.07.2020**

**NAVBHARAT TIMES**

# 8 व 9 अगस्त को ई-सम्मेलन

■ **एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद:** जेसी बोस यूनिवर्सिटी भारतीय शिक्षण मंडल के अनुसंधान प्रकोष्ठ के सहयोग से 8 व 9 अगस्त को एक राष्ट्रीय ई-सम्मेलन आयोजित होगा। यह सम्मेलन वर्तमान युग में भारतीयता की पुनर्स्थापना विषय पर होगा। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने बताया कि इस सम्मेलन का उद्देश्य राष्ट्रीय विकास के विभिन्न क्षेत्रों की वर्तमान प्रणाली में सामाजिक, सांस्कृतिक व आध्यात्मिक प्राचीन भारतीय मूल्यों, कार्यप्रणाली व प्रथाओं को पहचानना व उन्हें पुनर्स्थापित करना है। सम्मेलन के लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। इच्छुक प्रतिभागी 27 जुलाई तक ईमेल events@jcboseust.ac.in पर अपने लेख भेज सकते हैं।